नामांक Roll No. | | | | | | |

Question Booklet No.

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 15

SS-06-Pub. Adm.

उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

लोक प्रशासन

PUBLIC ADMINISTRATION

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

खण्ड – अ

SECTION – A

1. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखिए ।

Write the correct answer of following multiple choice questions in answer booklet.

i) लोक प्रशासन का जन्म एक स्वतंत्र शैक्षिक विषय के रूप में किस देश में हुआ ? **[1]**

अ) भारत ब) संयुक्त राज्य अमेरिका

स) ब्रिटेन द) फ्रांस

In which country did public administration originate as an independent academic subject ?

A) India B) United States of America

C) Britain D) France

ii) लोक प्रशासन के 'सिद्धान्तों का स्वर्ण काल' किस चरण को कहा जाता है ? **[1]**

अ) प्रथम चरण (1887-1926) ब) द्वितीय चरण (1927-1937)

स) तृतीय चरण (1938-1947) द) चतुर्थ चरण (1948-1970)

Which phase is called the 'golden age of the principles' of public administration ?

A) First Phase (1887-1926) B) Second Phase (1927-1937)

C) Third Phase (1938-1947) D) Fourth Phase (1948-1970)

iii) नौकरशाही के आदर्श प्रतिमान का प्रतिपादन किस विद्वान ने किया ? **[1]**

अ) एफ. डब्ल्यू. टेलर ब) हेनरी फेयोल

स) मेक्स वेबर द) हर्बर्ट साइमन

Which scholar propounded the ideal model of bureaucracy ?

A) F. W. Taylor B) Henry Fayol

C) Max Weber D) Herbert Simon

iv) हेनरी फेयोल द्वारा प्रशासन अथवा प्रबन्धन के कितने प्रमुख सिद्धान्त बताये गये ? **[1]**

अ) 10 ब) 12

स) 14 द) 8

How many main principles of administration or management were given by Henry Fayol ?

A) 10 B) 12

C) 14 D) 8

v) अभिप्रेरणा का 'आवश्यकता की क्रमबद्धता' का सिद्धान्त किसने दिया ? **[1]**

अ) डगलस मैकग्रेगर ब) अब्राहम मेस्लो

स) हर्बर्ट साइमन द) एल्टन मेयो

Who gave the principle 'Hierarchy of Needs' of motivation ?

A) Douglas McGregor B) Abraham Maslow

C) Herbert Simon D) Elton Mayo

vi) हर्बर्ट साइमन ने निर्णय निर्माण प्रक्रिया के कौन कौन-से चरण बताये ? **[1]**

अ) अन्वेषण गतिविधि ब) चयन गतिविधि

स) अभिकल्प गतिविधि द) उपरोक्त सभी

Which step of the decision making process was mentioned by Herbert Simon ?

A) Intelligence Activity B) Choice Activity

C) Design Activity D) All of the above

vii) निम्न में से कौन-सा विकास प्रशासन की विशेषता है ? **[1]**

अ) परिवर्तनशील ब) जन सहभागी

स) आधुनिक द) उपरोक्त सभी

Which of the following is a characteristics of development administration ?

A) Volatile B) People's participation

C) Modern D) All of the above

viii) रिग्स के अनुसार तुलनात्मक लोक प्रशासन की प्रवृत्ति है [1]

अ) आदर्शात्मक से अनुभवात्मक ब) गैर पारिस्थितिकीय से पारिस्थितिकीय

स) विशिष्टता से सामान्य परकता द) उपरोक्त सभी

According to Riggs which one trend of comparative public administration ?

A) Normative to Emperical B) Non-Ecological to Ecological

C) Ideographic to Nomothatic D) All of the above

ix) कौटिल्य ने अपने 'अर्थशास्त्र' में प्रशासन की दक्षता के लिए किस पर विशेष बल दिया ? [1]

अ) केन्द्रीकरण ब) विकेन्द्रीकरण

स) भ्रष्टाचार नियंत्रण द) धार्मिक अनुष्ठान

In his 'Arthashastra' Kautilya laid special emphasis on what for the efficiency of administration ?

A) Centralisation B) Decentralisation

C) Corruption control D) Religious rituals

x) नीति आयोग को किस संस्था का स्थान लेने के लिए बनाया गया ? [1]

अ) योजना आयोग ब) वित्त आयोग

स) मानवाधिकार आयोग द) राष्ट्रीय विकास परिषद

NITI Aayog was created to replace which institution ?

A) Planning Commission B) Finance Commission

C) Human Rights Commission D) National Development Council

xi) राजस्थान में राज्य स्तरीय नियोजन का मुख्य अंग कौन-सा है ? [1]

अ) योजना आयोग ब) नीति आयोग

स) योजना मंडल द) राष्ट्रीय विकास परिषद

Which is the main part of state level planning in Rajasthan ?

A) Planning Commission B) NITI Aayog

C) Planning Board D) National Development Council

xii) भारत के किस निधि से कोई भी धन सरकार द्वारा विनियोजन विधेयक के पास होने के बिना नहीं निकाला जा सकता ? **[1]**

अ) संचित निधि　　ब) आकस्मिक निधि

स) आरक्षित निधि　　द) लोक लेखा

From which fund of India no money can be withdrawn by the Government without the Appropriation Bill being passed ?

A) Consolidated funds　　B) Contingency fund

C) Reserve fund　　D) Public accounts

xiii) अखिल भारतीय सेवाएँ निम्न में से किस सिद्धान्त पर आधारित है ? **[1]**

अ) केन्द्रीकृत भर्ती एवं प्रशिक्षण

ब) राज्य नियंत्रण

स) केन्द्रीय नियंत्रण

द) उपरोक्त सभी

All India Services are based on which of the following principles ?

A) Centralized recruitment and training

B) State Control

C) Central Control

D) All of the above

xiv) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल होता है **[1]**

अ) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु　　ब) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु

स) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु　　द) 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु

The Chairman and Members of Union Public Service Commission have a tenure of

A) 5 years or 62 years of age　　B) 5 years or 65 years of age

C) 6 years or 65 years of age　　D) 6 years or 62 years of age

xv) प्रशासनिक नैतिकता का मुख्य उद्देश्य क्या है ? **[1]**

अ) प्रशासन को कानूनी दायरे में रखना

ब) लोक सेवकों को मूल्यों एवं सिद्धान्तों के प्रति जवाबदेह बनाना

स) सरकारी खर्च को कम करना

द) गोपनीयता बनाए रखना

What is the main objective of administrative ethics ?

A) Keeping the administration within the legal framework

B) To make public servants accountable to values and principles

C) Reducing government expenditure

D) Maintaining confidentiality

xvi) नागरिक अधिकार पत्र जारी करने का मुख्य उद्देश्य क्या है ? **[1]**

अ) नागरिकों को दंडित करना

ब) नागरिकों को चुनाव लडने का अधिकार देना

स) सरकारी नियमों को गोपनीय रखना

द) प्रशासन को नागरिकों के प्रति जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाना

What is the main purpose of issuing citizen's charter ?

A) Punishing citizens

B) Giving citizens the right to contest election

C) Keeping government rules confidential

D) To make the administration accountable to citizens and transparent

xvii) राजस्थान राज्य लोक सेवा गारंटी अधिनियम कब लागू हुआ ? **[1]**

अ) 2005 ब) 2006

स) 2011 द) 2013

When did the Rajasthan State Public Service Guarantee Act come into force ?

A) 2005 B) 2006

C) 2011 D) 2013

xviii) निम्न में से कौन-सा प्रशासनिक सुधारों का उद्देश्य है ? [1]

अ) दक्षता बढ़ाना ब) जवाबदेही बढ़ाना

स) पारदर्शिता बढ़ाना द) उपरोक्त सभी

Which of the following is an objective of administrative reforms ?

A) Increasing efficiency B) Increase responsiveness

C) Increase transparency D) All of the above

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

Fill in the blanks.

i) ____________ को मानव संबंध विचारधारा का जन्मदाता माना जाता है । [1]

____________ is known as the father of Human Relation Ideolgy.

ii) हर्बर्ट साइमन ने अपनी पुस्तक _________ में निर्णयन का विस्तार से वर्णन किया है । [1]

Herbert Simon described the decision making in detail in his book ____________.

iii) कौटिल्य ने विदेश नीति की व्याख्या में मण्डल सिद्धान्त और ____________ नीति का उल्लेख किया है । [1]

Kautilya mentioned Mandala Sidhanth and ____________ NITI in explanation of foreign policy.

iv) जिला आयोजना समिति का अध्यक्ष संबंधित जिले का ____________ होता है । [1]

The district planning committee is headed by the ____________ of the concerned district.

v) राष्ट्रीय विकास परिषद की अध्यक्षता ____________ करते हैं । [1]

The National Development Council is chaired by the ____________.

vi) ऑर्डवे टेड का यह कथन है कि "प्रशासन एक नैतिक कार्य है और प्रशासक एक ____________" । [1]

Ordway Tead said that "Administration is a moral act and the administrator is a ___________".

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य अथवा **एक** पंक्ति में दीजिए ।

Answer the following questions in **one** word or **one** line.

i) शास्त्रीय विचारधारा में लूथर गुलिक ने प्रशासनिक कार्यों की व्याख्या किस शब्द से की ? **[1]**

In classical school of thought, Luther Gulick used which term to describe the functions of administrative work ?

ii) मेक्स वेबर नौकरशाही के किस प्रतिमान के प्रमुख विचारक है ? **[1]**

Max Weber is the main thinker of which paradigm of bureaucracy ?

iii) 'निर्णय निर्माण में सीमित तर्कसंगतता' की अवधारणा किसने दी ? **[1]**

Who introduced the concept of 'limited rationality in decision making' ?

iv) डगलस मैकग्रेगर के 'X' सिद्धान्त की मुख्य मान्यता क्या है ? **[1]**

What is the main assumption of Douglas McGregor's 'X' theory ?

v) नीति आयोग का पूर्ण शाब्दिक रूप क्या है ? **[1]**

What is the full form of NITI Aayog ?

vi) निष्पादन बजट का अर्थ लिखिए । **[1]**

Write the meaning of performance budget.

vii) संसद की लोक लेखा समिति का मुख्य कार्य बताइये । **[1]**

State the main function of the Public Accounts Committee of Parliament.

viii) प्रशासनिक सुधारों का एक उद्देश्य बताइये । **[1]**

State one objective of administrative reforms.

ix) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष कौन थे ? **[1]**

Who was the Chairman of the second Administrative Reform Commission ?

x) एक प्रशासनिक अधिकारी, सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय पर और सही निस्तारण के लिए किस प्रकार दस्तावेज प्रबंधन और समयबद्ध कौशल का उपयोग करता है ? **[1]**

How does an administrative officer use document management and time keeping skills for timely and accurate disposal of applications received under the Right to Information Act ?

xi) प्रशासनिक नवाचार का उपयोग करते हुए किसी विभाग में कार्य की जटिलता को कम करने के लिए कौन–सी नई प्रक्रिया अपनाई जा सकती है ? **[1]**

What new process can be adopted to reduce the complexity of work in a department using administrative innovation ?

xii) प्रशासनिक सुधारों में विकेन्द्रीकरण के उपयोग का अंतिम लक्ष्य क्या है, जिसके द्वारा निर्णय लेने की शक्ति निचले स्तरों तक पहुँचती है ? **[1]**

What is the ultimate goal of using decentralization in administrative reforms by which decision-making power is transferred to lower levels ?

खण्ड – ब

SECTION – B

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

Write the answer of short answer type questions.

4. लोक प्रशासन के विकास के 'सिद्धान्तों के स्वर्ण काल' की मुख्य विशेषताएँ क्या थी ? इस चरण की शुरुआत किस विद्वान की पुस्तक से हुई ? **[2]**

What was the main characteristics of the 'golden age of principles' in development of public administration ? Which scholar's book marked the beginning of this phase ?

5. 'POSDCORB' सूत्र किसने दिया और इसमें समाहित कार्यों को संक्षेप में बताइये । [2]
Who gave the 'POSDCORB' formula and briefly explain the functions included in it.

6. हेनरी फेयोल के अनुसार एक सफल प्रशासक के लिए आवश्यक प्रशासनिक कार्यों की व्याख्या कीजिए । [2]
Explain the administrative functions necessary for a successful administration according to Henry Fayol.

7. प्रशासनिक संगठन में अनौपचारिक संप्रेषण की क्या भूमिका है ? संक्षेप में बताइये । [2]
What is the role of informal communication in administrative organisation ? Explain briefly.

8. तुलनात्मक लोक प्रशासन के अध्ययन का मुख्य महत्व बताइये । [2]
Explain the main importance of the study of comparative public administration.

9. भारतीय प्रशासनिक प्रणाली में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का क्या निहितार्थ है ? [2]
What is the implication of the concept of welfare state in the Indian administrative system ?

10. जिला आयोजना समिति के गठन का संवैधानिक आधार क्या है और यह जिला स्तर पर प्रभावी नियोजन में कैसे योगदान देती है ? संक्षेप में बताइये । [2]
What is the Constitutional basis for the formation of the District Planning Committee and how does it contribute to effective planning at the district level ? Explain briefly.

11. कार्मिक प्रशासन के संदर्भ में भर्ती में अवसर की समानता के अधिकार के सिद्धान्त का क्या अर्थ है ? यह लोक प्रशासन में क्यों महत्वपूर्ण है ? [2]
What is meant by the principle of Right to Equality in Recruitment in the context of personnel administration ? Why it is important in public administration ?

12. मंत्री और लोक सेवक के संबंधों में संघर्ष या तनाव के कोई तीन प्रमुख कारण संक्षेप में बताइये । **[2]**

Briefly explain any three main reasons for conflict or tension in the relationship between a Minister and a Public Servant.

13. प्रशासन में ई–गवर्नेंस के कारण आये कोई दो सकारात्मक परिवर्तन लिखिए । **[2]**

Write any two positive changes brought about in administration due to E-governance.

खण्ड – स

SECTION – C

निम्नलिखित दीर्घउत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Answer the following long answer type questions.

14. वैज्ञानिक प्रबन्धन और शास्त्रीय विचारधारा दोनों ही संगठन में कार्यकुशलता को बढ़ाने पर बल देते हैं । कथन को स्पष्ट करें । **[3]**

Both scientific management and classical schools emphasize increasing efficiency in organization. Explain the statement.

अथवा/OR

'शास्त्रीय विचारधारा' जो संरचना पर केन्द्रित है और 'मानव संबंध विचारधारा' जो कर्मचारियों की संतुष्टि पर बल देती है । आधुनिक लोकतांत्रिक प्रशासन के लिए दोनों की उपयोगिता के संबंध में तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

The 'classical school of thought', which focuses on structure and the 'humanistic school of thought', which emphasizes employee satisfaction. Answer with arguments on the utility of both for modern democratic administration.

15. एक सफल प्रशासनिक अधिकारी के लिए 'तर्कसंगत निर्णय-निर्माण' और 'प्रभावी संप्रेषण' दोनों ही आवश्यक है । दोनों के बीच घनिष्ठ अन्तर्संबंध को समझाइये । **[3]**

'Rational decision making' and 'effective communication' are both essential for a successful administrative officer. Explain the close interrelationship between the two.

अथवा/OR

संप्रेषण की प्रक्रिया में फीडबैक की क्या भूमिका है ? किसी लोक-कल्याणकारी योजना की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए फीडबैक को प्रभावी ढंग से कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है ? समझाइये ।

What is the role of feedback in the communication process ? How can feedback be effectively used to ensure the success of a public welfare scheme ? Explain.

16. 'वित्तीय नियंत्रण' से क्या अभिप्राय है ? सुशासन के लिए वित्तीय नियंत्रण की आवश्यकता और महत्व का मूल्यांकन कीजिए । **[3]**

What is meant by 'financial control' ? Evaluate the need and importance of financial control for good governance.

अथवा/OR

'शून्य आधारित बजटिंग' की अवधारणा क्या है ? यह किस प्रकार संसाधनों के तर्कसंगत आवंटन को सुनिश्चित करती है ?

What is the concept of 'zero based budgeting' ? How does it ensure rational allocation of resources ?

17. विकेन्द्रीकृत नियोजन का क्या अर्थ है ? इस सम्बन्ध में जिला आयोजन समिति किस प्रकार नियोजन प्रक्रिया को अधिक सहभागी और प्रभावी बनाने में सहायक है ? **[3]**

What does decentralised planning mean ? In this regard, how does the District Planning Committee help make the planning process more participatory and effective ?

अथवा/OR

भारत में नियोजन प्रक्रिया में 'योजना आयोग से नीति आयोग तक के परिवर्तन' को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार क्यों माना जाता है ? स्पष्ट करें ।

Explain why the 'transition from planning commission to NITI Aayog' is considered an important administrative reform in the planning process in India.

खण्ड – द

SECTION – D

निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Answer the following essay type questions.

18. तुलनात्मक लोक प्रशासन एवं विकास प्रशासन एक-दूसरे से किस प्रकार संबंधित है और इनकी परस्पर निर्भरता की विवेचना कीजिए । **[4]**

How are comparative public administration and development administration related to each other and discuss their interdependence.

अथवा/OR

प्रशासनिक विकास को बढ़ावा देने के मार्ग में आने वाली प्रमुख बाधाएँ क्या है ? प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से इन बाधाओं को दूर करने के लिए कौन-से समाधान सुझाएँ जा सकते हैं ?

What are the main obstacles to promoting administrative development ? What solutions can be suggested to overcome these obstacles through administrative reforms ?

19. 'भारतीय संविधान लोक प्रशासन को एक कानूनी और संवैधानिक ढांचा प्रदान करता है'। इस कथन की विवेचना कीजिए और प्रशासन पर संविधान के प्रभाव को समझाइये । **[4]**

'The Indian Constitution provides a legal and Constitutional framework for public administration'. Discuss this statement and explain the impact of the Constitution on administration.

अथवा/OR

भारतीय प्रशासनिक तंत्र की प्रमुख विशेषताओं का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए और साथ ही इसकी प्रमुख कमियों को भी उजागर कीजिए ।

Describe in detail the main features of the Indian administrative system and also highlight its major shortcomings.

20. लोक सेवा में भर्ती के विभिन्न तरीकों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । आपके विचार से एक विकसित होते हुए देश के लिए कौन–सी पद्धति सबसे अधिक उपयुक्त है और क्यों ? **[4]**

Critically analyze the various methods of recruitment to the civil service. Which method do you think is most appropriate for a developing country and why ?

अथवा/OR

एक नए लोक सेवक के लिए नियुक्ति प्रवेश के पश्चात् प्रशिक्षण क्यों आवश्यक है ? प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए आप कौन–से सुझाव देंगे ?

Why is post entry training essential for a new civil servant ? What suggestions would you offer to make training more effective and result-oriented ?

DO NOT WRITE ANYTHING HERE